प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
11.09.2024/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे

पीएम आवास योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर में महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाखों लाभार्थियों को दो हजार सात सौ 45 करोड़ रूपये की किश्त जारी करेंगे। इस अवसर पर सभी लक्षित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

मस्जिद विवाद

संजौली मस्जिद विवाद के मददेनजर प्रदर्शन की आशंका को देखते हुए संजौली क्षेत्र में आज भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू रहेगी। ज़िला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। यह आदेश आज सुबह 7 बजे से लागू हो गए हैं, जो रात 11 बजकर 59 मिनट तक प्रभावी रहेंगे। आदेशों के अनुसार संजौली क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखने व शांति बनाए रखने की दृष्टि से 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के एक स्थान पर एकत्रित होने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ यहां पर किसी भी व्यक्ति को अस्त्र–शस्त्र व अन्य ज्वलनशील पदार्थों को लेकर चलने पर भी पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। इसके अलावा बिना अनुमति किसी को भी धरना प्रदर्शन, नारेबाजी व भूख हड़ताल करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। वहीं अस्पताल, कोर्ट, शिक्षण संस्थान और सार्वजनिक स्थानों पर लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध रहेगा। अनुपम कश्यप ने कहा कि क्षेत्र में सामान्य जनजीवन पूरी तरह से रहेगा और स्कूलों सहित सरकारी व निजी कार्यालय और बाजार पूरी तरह से खुले रहेंगे।

मणिमहेश यात्रा

राधाष्टमी के पावन अवसर पर आज चंबा जिले की पवित्र श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान डल झील में शाही स्नान हो रहा है और हजारों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। अष्टमी का स्नान बीते कल दोपहर बाद संचूई के शिव चेलों द्वारा झील पार करने के पश्चात आरम्भ हो गया था जो आज दोपहर तक चलेगा। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु भगवान शिव की जयकार करते हुए पवित्र डल झील में स्नान करने के पश्चात कैलाश पर्वत के दर्शन कर रहे हैं। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि 26 अगस्त को शुरू हुई मणिमहेश यात्रा का आज राधाष्टमी के दिन बड़े नहौण के साथ समापन हो जाएगा।

अभिनंदन

शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होकर लौटे चंबा जिला के सुनील कुमार का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरगट में स्वागत किया गया। स्कूल में आयोजित समारोह के दौरान सुनील कुमार ने विद्यार्थियों से आहवान किया कि जीवन में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समपर्ण, पक्का इरादा और कड़ी मेहनत बेहद जरूरी है। सुनील कुमार ने कहा कि उन्होंने हमेशा ही बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का कार्य किया है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। बीती रात कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने राज्य के मैदानी व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में आज गरज के साथ वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से........

आज समाचार पत्रों ने प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला_की सुर्खी है–**हिमाचल में बहते पानी पर उपकर लगाने के लिए बनाएंगे नया कानून।** पंजाब केसरी का शीर्षक है–**हिमाचल अमीर राज्य, भाजपा की गलत नीतियों के चलते हुए गरीब।** दिव्य हिमाचल लिखता है–**फिर लाएंगे वाटर सेस कानून, धारा–118 में देंगे राहत।** दैनिक जागरण के शब्द हैं–**अब हिमाचल में नहीं आर्थिक संकट।** दैनिक भास्कर का कहना है–**प्रदेश में अब बिजली महंगी–उपभोक्ताओं पर लगेगा मिल्क और एन्वायरर्नमेंटसेस।** हिमाचल दस्तक ने लिखा है–**संजौली मस्जिद में निकली स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी।** आपका फैसला के मुताबिक–**तहबाजारियों के लिए बनेगी मंत्रिमंडलीय उपसमिति।**